दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

बर्ष :-02 अंक :-230 मुरादाबाद 17 December 2022 (Saturday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## स्वीडन से मिला 15 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव, फिल्म सिटी में भी करेंगे निवेश

स्वीडन की प्रमुख कंपनी आईएनजीकेए की ओर से यूपी में रिटेल स्टोर्स, लग्जरी मॉल और निर्माण कंपनी सरनेके ने यूपी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। स्वीडन में रोड शो करने गए औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को स्टॉकहोम में 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव मिला है। स्वीडन की प्रमुख कंपनी आईएनजीकेए की ओर से यूपी में रिटेल स्टोर्स, लग्जरी मॉल और निर्माण कंपनी सरनेके ने यूपी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। आईएनजीकेए के जैन क्रिस्टेंसन और जैन क्रेलिना ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान रिटेल स्टोर्स और लग्जरी मॉल्स की श्रृंखला के विस्तार के लिए 4300 करोड़ रुपये का निवेश पर चर्चा हुई। लक्जमबर्ग स्थित बोसोन एनर्जी ने स्टॉकहोम रोड शो में उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन की परियोजना स्थापित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का निवेश पर बात की है। स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान आयोजित विभिन्न बैठकों में रक्षा, कपड़ा और वस्त्र,




खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, अपशिष्ट और जल प्रबंधन, और परिवहन सहित क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई।

### निवेश के लिए उचित जगह यूपी

स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल ने कहा कि यूपी निवेश के अनंत अवसरों के साथ भारत में नए निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने स्वीडिश निवेशकों से भारत में अपने निवेश गंतव्य के रूप में यूपी को चुनने का आग्रह किया।

### अर्जेंटीना के उद्यमियों को किया निवेश के लिए आमत्रित

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अर्जेंटीना चेंबर ऑफ कॉमर्स फॉर एशिया पैसेफिक के प्रतिनिधियों से की मुलाकात की। उन्होंने उद्यमियों को यूपी में खाद्य प्रसंस्करण और आईटी के क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। अर्जेंटीना में उद्यमियों एवं व्यावसायिक संस्थानों के प्रतिनिधियों से मुलाकात में पाठक ने कहा कि यूपी में व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। उद्यमियों से मुलाकात करते हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आने का निमंत्रण दिया और विभिन्न सेक्टरों में निवेश के मुद्दो पर चर्चा की। उन्होंने सौ देशों में कारोबार व 45 देशों में खाद्य उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों का संचालन कर रही दिग्गज लैटिन अमेरिकी कंपनी आर्कोर के प्रतिनिधियों से यूपी में निवेश के लिए आग्रह किया। आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी ग्लोबानेट एवं कृषि से जुड़ी क्रेसुड से यूपी में इन्वेस्टमेंट और अन्य महत्वपूर्ण व्यापारिक मुद्दों को लेकर विचार साझा किए।

### साब यूपी में स्थापित करेगी हथियार कारखाना

विश्व की प्रमुख एयरक्राफ्ट और हथियार निर्माता कंपनी साब यूपी में भी हथियार निर्माण की यूनिट स्थापित करेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को स्वीडन में साब के मुख्यालय में उनके प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की।

## बिहार विधानसभा: तेजस्वी के बयान के दौरान विपक्षी विधायकों ने उठाई कुर्सी, CM बोले- शराब से मौत पर मुआवजा नहीं





बिहार में जहरीली शराब से मौत को लेकर सियासत तेज है। बिहार विधानसभा में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के नेता हाथ में कुर्सी उठाते हुए देखे गए।बिहार में जहरीली शराब से मौत का सिलसिला जारी है। मामले को लेकर विपक्ष नीतीश सरकार को घेरने में जुटा है। अब शुक्रवार को विधानसभा में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जैसे ही बोलना शुरू किया, विपक्षी विधायकों ने कुर्सियां उठा ली और सदन में हंगामा शुरू कर दिया। बिहार विधानसभा में तीसरे दिन भी मामले को लेकर हंगामा हुआ। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा नेताओं ने इस मुद्दे पर सदन में जमकर नारेबाजी की। वहीं नीतीश कुमार के जो पियेगा, वो मरेगा वाले बयान पर विपक्ष उनसे माफी की मांग कर रहा है।

### शराब पीकर मृत्यु पर सहायता राशि देने का सवाल ही नहीं

दूसरी ओर नीतीश कुमार ने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि शराब से मौत पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। शराब पीकर मृत्यु पर हम उसे सहायता राशि देंगे? ये सवाल ही नहीं पैदा होता...इसलिए यह बातें सही नहीं है। जब हम संसद का चुनाव लड़ते थे तब पार्टियां हमारे साथ नहीं थी फिर भी CPI-CPM के लोग हमारा साथ देते थे। अपने बयान क्या कहा था सीएम ने- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को जहरीली शराब से मौतों पर कहा कि जो पीएगा वो मरेगा। बिहार में शराब के सेवन पर रोक है। लोगों को समझाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो गड़बड़ कर रहा, उसे पकड़िए। उसे अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करिए। हम तो बापू और बिहार की महिलाओं की इच्छा से शराबबंदी लागू किए हैं। नीतीश कुमार ने विपक्ष को ही घेरते हुए कहा कि विपक्ष में बैठे जो लोग बिहार में इन मौतों पर पूछ रहे, उनसे पूछिए कि जहां-जहां आपका शासन है, वहां कितने लोग जहरीली शराब से मर रहे हैं। बिहार में सबकी सहमति से शराबबंदी लागू हुआ है। आप भी शराब के खिलाफ अभियान चलाइए।बिहार की ये घटना मौत नहीं नरसंहार-विजय सिन्हा- नेता विरोधी दल बिहार विधानसभा विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि छपरा में मृतकों का जो आंकड़ा है, वो सही नहीं है। हमने कल जाकर मृतकों के परिवार से मुलाकात की है। विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि बिना पोस्टमार्टम कराए मृतकों के शरीर जलाए गए हैं। पुलिस की मिलीभगत से बिहार में शराब का धंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव और नीतीश कुमार अपने अपने फायदे के कारण सत्ता में एक साथ है। शराब से मरने वाले परिवार को सरकार 10 लाख का मुआवजा दे। यह जो घटना हुई है, वो मौत नहीं नरसंहार है। हम 12:30 बजे दिन में राज्यपाल से मिलकर हम इसमें हस्तक्षेप की मांग करेंगे।

## मोबाइल चोरी में पुलिस ने पकड़ा, युवक ने हवालात में लगा ली आग

शाहजहांपुर- मोबाइल चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक ने जीआरपी हवालात में आग लगा ली। पुलिसकर्मियों ने जब तक आग बुझाई उसका सीना व हाथ झुलस गए। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। शहर के गदियाना मुहल्ला निवासी रहमान अपनी पत्नी चंदा के साथ गुरुवार सुबह रेलवे जंक्शन पर आया था। उसे मुंबई में रह रहे भाई गुड्डू के लिए रिजर्वेशन कराना था। रिजर्वेशन काउंटर के पास लखीमपुर खीरी के नीमगांव निवासी नितिन फर्श पर सो रहे थे। कुछ देर बाद उठे तो पैंट से उनका मोबाइल गायब था। उन्होंने मोबाइल गायब होने कीजीआरपी पर सूचना दी।सीसीटीवी फुटेज देखे गए तो रहमान निकालते दिखा। जिस पर



जीआरपी ने तत्काल उसको काउंटर के पास पकड़ लिया। उसके पास से मोबाइल भी बरामद हो गया। उसे पकड़ कर हवालात में बैठा लिया गया। इसके बाद से उससे पूछताछ की जा रही थी। शुक्रवार दोपहर रहमान ने थाने में ही रखे दूसरे बंदी के बैग से माचिस निकाल ली। उसके बाद हवालात में ही बने शौचालय में गया और वहां रखा अपने कपड़ों में आग लगा ली। उसकी चीख सुनकर सिपाही अंदर पहुंचे और आग बुझाई। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ने बताया कि स्टेशन पर लगातार मोबाइल चोरी की घटनाएं सामने आ रहीं थीं। इसलिए रहमान को पूछताछ के लिए रोका था। एसपी जीआरपी पूजा यादव भी थाने पहुंच रहीं हैं।

# बीती रात हाथियों के पहुँच जाने से न केवल हड़कम्प मच गया बल्कि तीन घण्टे तक पुलिसकर्मी दहशत में थे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के मोहरसोप चौकी में बीती रात हाथियों के पहुँच जाने से न केवल हड़कम्प मच गया बल्कि तीन घण्टे तक पुलिसकर्मी दहशत में थे व उन्हें बैरक में कैद रहना पड़ा।बिहारपुर इलाके में पिछले एक सप्ताह से हाथियों का उत्पात जारी है।गांव गांव घूम कर आठ हाथियों का यह दल न केवल तोड़फोड़ कर रहा है बल्कि फसलों को भी भारी नुकसान पहुँचा रहे है। जिससे समूचे इलाके में भय का माहौल है। हाथियों के उत्पात के कारण गांव के लोगो की इस ठंड में मुसीबत बढ़ गई है पर वन विभाग कोई मुक्कमल हल निकाल पाने में पूरी तरह नाकामयाब है ,जिससे रोष है।गुरुवार की रात करीब दो बजे बनखेतापारा जंगल की ओर से हाथियों का यह दल मोहरसोप आ पहुँचा जहाँ हास्पिटल व पुलिस चौकी के करीब स्थित कमलेश गुर्जर के घर मे धावा बोल दिया और तोड़फोड़ की जिससे घर के लोग छत के ऊपर शरण लेकर गांव के लोगो से मदद की गुहार की जब तक लोग पहुँचते तब दीवाल तोड़ दिया और रहर, सरसो आदि फसल को रौंद डाला जिससे फसल बरबाद हो गई।इस बीच गांव वाले पहुँचे हाथियों को खदेड़ा तो समूचा हाथियों का यह दल पुलिस चौकी परिसर में जा घुसा यहां भी हाथियों ने दीवार तोड़ दिया।हाथियों का यह दल करीब तीन घण्टे तक डटा रहा इस बीच दहशत में पुलिसकर्मी छत के ऊपर स्थित बैरक में जमे रहे।सुबह करीब पांच बजे के आसपास हाथी जंगल की ओर निकले तब जाकर पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।फिलहाल हाथी नजदीक के जंगल मे जमे हुए है जिससे मोहरसोप के लोग दहशत में है।

# डकैती मामले में फरार 3 आरोपियों को थाना विश्रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपियों में से 2 ने चोरी की वारदात को भी दिया था अंजाम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दिनांक 24.11.21 को ट्रक चालक बसंत कुमार निवासी सतपता अपने ट्रक वाहन को लेकर धान लोड करने रामनगर धान संग्रहण केंद्र के पास मेन रोड में खड़ी किया था और केबिन में सो रहा था रात करीब 11 बजे इसके ट्रक में कुछ आवाज आया तो नींद खुलने पर देखा कि इसके गाड़ी का डीजल 5-6 व्यक्ति निकाल रहे हैं नजदीक में दो नग सफेद कलर का बोलेरो वाहन खड़े थे यह उनका विरोध किया तो उनके द्वारा इसे मारपीट किए और जेब में रखे 32 सौ रुपए, लॉकेट व घड़ी को लूट लिए, उसी दौरान थाना बिश्रामपुर की पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी रास्ते से गुजर रही थी जिसे देखकर उक्त व्यक्ति ट्रक से निकाले डीजल को लेकर भागने लगे, पुलिस पार्टी द्वारा उनका पीछा किया गया जो रेलवे क्रॉसिंग के पास नर्सरी में दोनों सफेद रंग के बोलेरो वाहन को छोड़कर आरोपी भाग निकले। पुलिस द्वारा दोनों बोलेरो वाहन एवं डीजल को चोरी करने के सामान को मौके पर से जप्त किया गया तथा प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बिश्रामपुर में अपराध क्रमांक 240/21 धारा 395, 294, 506, 323 भादसं व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया। विवेचना दौरान घटना में प्रयुक्त जप्तशुदा वाहन के पंजीयन एवं मुखबीर की सूचना पर प्रकरण में 6 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया गया था। पुराने लंबित मामले में फरार आरोपियों के बारे में जानकारी हासिल कर दबिश देते हुए पकड़ने के कड़े निर्देश पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को दिए थे। प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर की पुलिस आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर फरार आरोपी विजय लोनिया उर्फ विजय चौहान पिता स्व. धनराज लोनिया उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम परासी, थाना मरवाही, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, विकास लोनी उर्फ विकास चौहान उर्फ लाला पिता अमर सिंह लोनी उम्र 21 वर्ष एवं इंदल लोनी उर्फ इंदल चौहान पिता जग नारायण लोनी उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी सीलपुर, थाना कोतमा, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ पर आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किये। जिन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में से 2 ने चोरी की वारदात को भी दिया था अंजाम- बीते वर्ष दिनांक 11.11.21 को कुम्दा बस्ती विश्रामपुर निवासी अमजद अली ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7-8 नवम्बर 21 को इसके घर के सामने खड़ी जेसीबी वाहन के डीजल टंकी से 100 लीटर डीजल को बोलेरो वाहन सीजी 10 लाई 1382 में सवार चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 230/21 धारा 379, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ में आरोपी इंदल लोनी व विजय लोनी ने कुम्दा से जेसीबी वाहन से डीजल चोरी करना स्वीकार किए। इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, प्रधान रामनिवास तिवारी, इन्द्रजीत सिंह, अविनाश सिंह, विकास सिंह, आरक्षक उमेश राजवाड़े, मुकेश साहू, प्यारे राजवाड़े, मनोज शर्मा व योगेश्वर पैंकरा सक्रिय रहे।

# पुलिस लाईन के वार्षिक निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक ने कहा जनता से बेहतर संबंध बनाएं पुलिस कर्मी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस लाईन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में आयोजित परेड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी व जवानों के वेश-भूषा का जायजा लिया, राजपत्रित अधिकारियों व जवानों से परेड़ के कमाण्ड दिलवाए। निरीक्षण के दौरान जवानों के किट को देखा। अच्छे वेशभूषा, किट और बेहतर परेड़ कमाण्ड करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। शासकीय वाहनों का देखा और आरक्षक चालकों को मेंटनेंश डे पर वाहनों में जरूरी मरम्मत कराने तथा रक्षित निरीक्षक को वाहन चालकों का आई टेस्ट कराने के निर्देश दिए। परेड़ के दौरान आकर्षक बैंड बजाने पर पूरे बैंड पार्टी को पुरस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने पुलिस लाईन के सामुदायिक भवन में दरबार लगाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा कर उनके समस्याओं को जाना और उन समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने प्रभारियों को कहा कि थाना-चौकी में नियमित परेड कराए इससे अनुशासन बना रहता है साथ ही अधिकारी व जवान फिट रहते है, जनता की सेवा करने का सबसे अच्छा जरिया पुलिस की नौकरी है, बिना समस्या के कोई व्यक्ति थाना नहीं आता, गंभीरतापूर्वक उसकी पीड़ा को समझते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें, अच्छी वेशभूषा धारण कर ड्यूटी करें, थाने में हमर सियान डेस्क में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण करें, आपराधिक मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि फरार आरोपी पुलिस की नजर से बचने नहीं चाहिए, इनकी गिरफ्तारी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने में पहुंचने वाले फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना-चौकी के कार्यो का प्रतिदिन आंकलन करें कि सभी कार्य समय पर हो रहे है अथवा नहीं, जहां कमजोर स्थिति दिखाई दे वहां कसावट लाते हुए कार्य को शत्-प्रतिशत पूरा कराए। बिना नंबर व बिना लाइसेंस सहित परिवहन व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देशित किया।

गुम बालक-बालिकाओं की पतासाजी हेतु किए गए अच्छे कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, स्टेनो अखिलेश सिंह, जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सूंघा...दौड़ा और जबड़े में जकड़ लिया संदिग्ध वस्तु, ऐसा है डॉग स्क्वायड- वार्षिक निरीक्षण में डॉग मास्टर डाग के साथ स्नीफर व ट्रेकर डाग मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डाग मास्टर के द्वारा एक वस्तु को दूर कहीं छिपाकर रख दिया गया और वापस आकर उसकी गंध को सुघाने पर ट्रेकर डाग के द्वारा कुछ ही मिनटों में उस वस्तु को खोजकर उसे जबड़े में पकड़कर ले आया। डाग को अच्छी ट्रेनिंग देने पर दो डाग मास्टरों को पुरस्कृत किया गया।

# स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित की जा रही सोलर लॉलटेन योजना में चयनित वेन्डर्स को जिलाधिकारी ने किया सोलर लॉलटेन का वितरण

## जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी परियोजना इंटीग्रेटिड कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर का किया भ्रमण





मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आज मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना ''इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर (आई0सी0सी0सी0)'' का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी परियोजना ''इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल एण्ड कमाण्ड सेन्टर (आई0सी0सी0सी0)'' का भ्रमण किया गया। भ्रमण के समय सन्दर्भित परियोजना हेतु इम्पलीमेंटेशन एजेन्सी ''मैसर्स एल0एण्ड0टी0'' द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेजटेंशन के माध्यम से उपस्थित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों को आई0सी0सी0सी0 परियोजना अन्तर्गत नगर में 34 स्थानों पर लगाये गये आटोमेट्रिक टैफिक कन्टोल सिस्टम (ए0टी0सी0एस0), 32 स्थानों पर लगाये गये सर्विलांस सिस्टम, 15 स्थानों पर रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन सिस्टम (आर0एल0वी0डी0), 10 स्थलों पर लगाये गये आटोमेटिक नम्बर प्लेट रिकगनाइजेशन (ए0एन0पी0आर0), 37 स्थलों पर लगाये गये पब्लिक एण्ड्रैस सिस्टम एवं 35 स्थलों पर लगाये गये इमरजेन्सी कॉल बाक्स (ई0सी0बी0) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग के अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा आई0सी0सी0सी0 परियोजना अन्तर्गत लगाये गये कैमरों का क्रियान्वयन आई0सी0सी0सी0 सेन्टर से करके देखा गया। इसके अतिरिक्त एस0पी0 ट्रैफिक द्वारा नगर के विभिन्न चैराहो पर लगाये गये ई0सी0बी0 एवं पी0ए0 सिस्टम को भी केन्द से ही चेक करके देखा गया एवं संतोषजनक पाया गया। तदुपरान्त उपस्थित वरिश्ठ अधिकारियों द्वारा आई0सी0सी0सी0 सेन्टर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाने के सुझाव प्रदान किये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सुझाव दिया कि नगर के जामा मस्जिद एवं काली माता मन्दिर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी परियोजना अन्तर्गत कैमरे लगाये जाय। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया गया कि कानून व्यवस्था के दृष्टिगत महत्वपूर्ण अन्य स्थलों की भी सूची मुरादाबाद स्मार्ट सिटी को उपलब्ध करा दी जाय, जहाँ पर कैमरो की आवश्यकता हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा सुझाव दिया गया कि आई0सी0सी0सी0 परियोजना अन्तर्गत नगर के यातायात से सम्बन्धित समस्त सोल्यूशन्स की थ्नदबजपवदपदह बीमबा कर एक ही दिन में समस्त सोल्यूशन्स को नगर में इम्पलीमेंट किया जाय। इसके अतिरिक्त नगर की मुख्य मार्गो में जहाँ मइतं ब्तवेपदह नहीं बनी है वहाँ मइतं ब्तवेपदह बनाने का कार्य किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया कि राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उद्घोषणाओं को इन पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से प्रसारित कराया जाना चाहिए। इसी के साथ जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को यह निर्देशित किया गया कि आई0सी0सी0सी0 की क्षमता का पूर्ण उपभोग करने के लिए कार्ययोजना बनाये तथा इसका महत्तम उपभोग करते हुए इस केन्द को जनापयोगी बनाय। इसके पश्चात् मुरादाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित की जा रही सोलर लालटेन योजना में चयनित वेन्डर्स को सोलर लालटेन का वितरण जिलाधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा नगर आयुक्त द्वारा किया गया। इस अवसर पर 50 वेन्डरों को सोलर लालटेन वितरित किये गये। भ्रमण के समय नगर आयुक्त/सी0ई0ओ0 मुरादाबाद स्मार्ट सिटी संजय चैहान, एडिशनल सी0ई0ओ, अपर नगर आयुक्त-द्वितीय, नगर निगम मुरादाबाद, बी0सी0, एम0डी0ए0, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी नगर, एस0पी0 ट्रैफिक, एस0पी0 सिटी, स्मार्ट सिटी नोडल अधिकारी, मुख्य अभियन्ता, मुरादाबाद स्मार्ट सिटी तथा नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 3000 की रिश्वत लेते पकड़ा बाबू भेजा जेल, 14 दिन न्यायिक हिरासत में रहेगा चकबंदी विभाग का लिपिक

मुरादाबाद- तीन हजार रुपये की घूस लेते पकड़े गए चकबंदी विभाग के लिपिक यशवंत सिंह को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कांठ थाना क्षेत्र के पाइंदापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार ने एंटी करप्शन ब्यूरो में चकबंदी विभाग के लिपिक यशवंत सिंह की शिकायत की थी।

### दाखिल-खारिज के लिए जमा की थी फाइल

कांठ थाना क्षेत्र के पाइंदापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार बीएड की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। नौकरी नहीं मिलने पर वह पिता ऋषिपाल सिंह के साथ खेती-किसानी में सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले उन्हें अपनी जमीन का दाखिल खारिज कराने के लिए कचहरी रोड पर स्थित चकबंदी विभाग के कार्यालय गए थे। यहां पर बाबू के पद पर यशवंत सिंह तैनात हैं। वह मूलरूप से ज्वाला नगर थाना सिविल लाइंस जनपद रामपुर निवासी हैं। उन्होंने दाखिल-खारिज की फाइल आगे बढ़ाने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। लेकिन प्रमोद पैसे देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसी दौरान बाबू ने फाइल चेक करने के नाम पर पांच सौ रुपये ले लिए। कुछ दिन प्रमोद फिर पहुंचा,लेकिन बाबू फाइल पर कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। इस दौरान वह लगातार पैसे की मांग कर रहा था।

### तीन हजार रुपये में राजी हुआ बाबू

प्रमोद ने खुद को गरीब बताकर तीन हज़ार रुपये देने की बात कही, जिस पर बाबू राजी हो गया। बाबू से बातचीत होने के बाद प्रमोद ने कांठ रोड स्थित एंटी करप्शन के कार्यालय में जाकर लिखित रूप से शिकायत की। जिसके बाद टीम ने बाबू को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे शिकायतकर्ता बाबू यशवंत सिंह को पैसे देने के लिए कार्यालय पहुंचा। जैसे ही बाबू रुपये हांथ में पकड़े पहले से मौजूद एंटी करप्शन की टीम ने आरोपित बाबू को तीन हजार रुपये की रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया।एन्टी करप्शन यूनिट के निरीक्षक विजय कुमार व नवल मारवाह ने बताया कि बाबू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। निरीक्षक नवल मारवाह ने बताया कि बृहस्पतिवार को आरोपित को बरेली स्थित कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## जनपद स्तरीय कौशल प्रतियोगिता (कौशलाथॉन) का आयोजन सम्पन्न



मुरादाबाद -प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांठ रोड मुरादाबाद के परिसर में आज जनपद स्तरीय कौशल प्रतियोगिता (कौशलाथान) का आयोजन किया गया। फैशन टैक्नोलोजी, इलैक्ट्रोनिक्स, ब्रिक लेइंग एवं आर0ए0सी आदि व्यवसायों के अन्तर्गत प्रतियोगिता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलारी, कांठ, मूढापाण्डे ठाकुरद्वारा एवं मुरादाबाद के 112 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण करवाया गया ।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा चैहान पार्षद नगर निगम मुरादाबाद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उद्योग प्रतिनिधि के रूप में श्री बी0ए0स0राव, एच.आर. डिजाईनको प्रा0 लि0 लोधीपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में सफल हुये 37 प्रशिक्षार्थियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि महोदया एवं प्रधानाचार्य द्वारा वितरित किया गया। धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र पाकर प्रशिक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0ए0च0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Disclose possessions

The US has shared some satellite images with the Indian government on how China is expanding infrastructure along the border areas of the LAC. He has built a settlement within 9-10 kilometers on the Indo-Bhutan-China border. Although it is built on the land of a village in Bhutan. It has been revealed through satellite pictures that China is doing a lot of construction in a village near Sikkim. Although China now considers Sikkim a part of India. The gathering of the Chinese army is also being increased in Doklam. In view of how the Chinese Army is deploying weapons around LAC, America has also warned India. Despite these movements, defense experts believe that there is no possibility of war. China has been working on the strategy of infiltrating on an average 300-400 times a year. Even today 43-45,000 square kilometers of Indian land is under the occupation of China. During the Congress-led UPA government at the Centre, then Defense Minister Pranab Mukherjee informed Parliament in response to a question that about 43,180 square kilometers of India's land was under Chinese occupation, but Congress spokesperson Anuma Acharya and Owaisi's party leader Waris Such statements of Pathan are ridiculous that China is 1000 km in the Indian border. has entered inside.

Still, we would expect Prime Minister Modi or Defense Minister Rajnath Singh to clarify to the country that after 2014, on how much land and where China has entered our territory. Don't make it a question of political prestige. There is more or less no strategic secrecy involved in this. The country will rely on the disclosure of the Prime Minister or the Defense Minister, no matter what the opposition claims or keeps on posting allegations. Meanwhile, former Jammu and Kashmir Chief Minister Mehbooba Mufti has thrown a statement in the air that our soldiers are being beaten up on LAC and they are not allowed to retaliate. This statement of Mehbooba is totally wrong and out of context. Mehbooba has never been in the Defense Ministry nor has she been a supporter of the soldiers. He is a pakistani politician. Such statements can incite the atmosphere and present a derogatory image of India in the world, hence strong reactions of former army generals have come to the fore on such statements. Rather, such revelations have come to the fore that our brave soldiers had broken the spine of some Chinese soldiers, so the Chinese had to run away by tail. ly, because the Ministry of Defense has not made any official disclosure. However, defense experts have also accepted that China is bound by its nature, so it will repeat acts like Tawang again and again and again. China is also in the process of occupying some insular places of Japan. However, Japan has foiled China's plans by protesting strongly. Apart from India, Japan, there are 25 countries with whom China has land disputes and maritime boundaries. They also include Russia, which China has been considering as its friendly country. However, apart from the current confrontation, China may be shocked when it hears the roar of Indian Air Force maneuvers in the sky. This exercise is being done on December 15-16 in the airspace of Assam, Arunachal and Bengal. By seeing fighter aircraft like Rafale, Sukhoi-30, helicopters like Chinook, Apache flying, China can get a sense of how vast and powerful the strength of the Indian Army is.


# Bollywood's Dabangg girl Sonakshi Sinha going to get married? Sharing the post said- I am very...



Sonakshi Sinha, popularly known as Bollywood's 'Dabangg Girl', is known for her impeccable style. Sonakshi remains very active on social media and shares her pictures with fans. Recently, Sonakshi posted her pictures in bridal look on social media and forced the fans to think whether she is going to get married? Sonakshi shared a picture on social media, in which she is seen in a bridal avatar. Fans are very fond of this picture of him. In the caption of this picture, Sonakshi wrote, 'I think I will be a very simple bride. I get to wear such outfits so often for shows like this that I would like to look very simple for my wedding. In this post of Sonakshi, her alleged boyfriend Zaheer Iqbal commented, 'Marriage confirmed? Didn't even tell?' Sonakshi further said, 'I just try to be as close to my mother as possible. I think my mother is the most beautiful woman I have ever seen. Whenever someone says that you look like your mother, it feels like the biggest compliment. After this post, Sonakshi's fans are constantly asking her whether she is going to get married? However, the Dabangg actress seems to have a different idea in mind now as she prepares for her wedding. Talking about the work front, recently Sonakshi's film 'Double XL' was released. Huma Qureshi was also in the lead role with him in this film. Apart from this, Sonakshi will be seen in 'Kakuda' alongside Riteish Deshmukh and Saqib Saleem.

## 'I am not number one for them...' Malaika expressed her pain on her situation in the Khan family

In the latest episode of 'Moving In With Malaika', Malaika talks to Karan Johar about her ex-husband, in which she gives her opinion on her and Arbaaz's relationship. Actress Malaika Arora is in headlines these days for her reality show 'Moving in with Malaika'. A week has passed since the show started. The outspoken style of the actress in the show is very interesting, which is being liked by the people. The actress talks openly about the stories and secrets related to her personal life through this show. Meanwhile, there have also been revelations about their relationship. In the recent episode of the show, Malaika also opened up about her ex-husband Arbaaz with guest Karan Johar. In the latest episode of Moving In With Malaika, Malaika spoke big about the family. Karan Johar spoke to Malaika about her accident in 2021. Karan Johar said, 'I remember when I went to take you home with me from the hospital, the whole family was seen standing with you.' On this, Malaika said that she can never come on the number one position in the list of her family. It is also true that she worries about me because of my son Arhaan, which is good. During the show, Karan Johar also candidly discussed with Malaika the rumors of a breakup between Arbaaz and his alleged girlfriend Georgia Andriani. Karan asked the actress if she knew anything about the matter.



# युवा कांग्रेस नेता अर्पित ने पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू से की मुलाकात

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के पर्यटन स्थलों के सन्दर्भ में युवा कांग्रेस नेता अर्पित राय ने पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू से मुलाक़ात की है। अर्पित ने बताया कि जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सोनबचरवार में सोनकुंड मानस तीर्थ स्थल, ग्राम पंचायत पीथमपुर में लक्ष्मण घाट एवं ग्राम पंचायत बम्हनी में झोझा जलप्रपात सदैव पर्यटकों का स्थल रहा है। यहां दूर-दूर से सैलानी एवं श्रद्धालु घूमने आते हैं। सोनकुंड मानस तीर्थ की धार्मिक आस्था पूरे देश में फैली हुई है, सनातन काल से ही इस जगह का बड़ा ही महत्व है, लक्ष्मण घाट पीथमपुर का इतिहास पौराणिक कथाओं के अनुसार त्रेतायुग रामयुग से जुड़ा हुआ है एवं झोझा जलप्रपात का प्राकृतिक मनोरम दृश्य रहता है



जो दर्शनीय है जो देखते ही बनता है। उक्त स्थल छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन स्थल में शामिल होने नहीं होने के कारण यहां की महत्वता एवं पहचान कम हो रही है,

इसे छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन स्थल में शामिल करने पर यहाँ का महत्व बढेगा एवं पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र के विकास एवं पूरे क्षेत्र का महत्व का वर्णन राज्य एवं देश में फैलाव होने से जिले की गरिमा बढ़ेगी।बता दें कि पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कांग्रेस नेता की मांग पर सहमत होते हुए पर्यटन विभाग के रूष्ठ को लेटर जारी कर जल्द उसे पूरा करने का आश्वासन दिया है।

# जेएसआई प्रशिक्षु डीएसपी ने स्कूली छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, यातायात नियमों से कराया अवगत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर थाना भटगांव जेएसआई प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे ने गुरूवार को एडी जुबली स्कूल के छात्राओं को घरेलू हिंसा सहित विभिन्न कानूनी पहलू, यातायात नियमों की जानकारी व पालन करने, साईबर क्राईम से बचाव एवं महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जेएसआई प्रशिक्षु डीएसपी ने छात्राओं को महिला संबंधी कानून, गुड टच-बैड टच, महिलाओं के अधिकार, छत्तीसगढ़ पुलिस के महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुउपयोगी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारियां दीं।

महिला अधिकार की जानकारी प्राप्त कर छात्राएं प्रफुल्लित नजर आईं। इस दौरान उन्हें बताया कि छात्र-छात्राओं को किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है, पुलिस उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। जेएसआई ने स्कूली छात्राओं को अपना मोबाईल नंबर भी नोट कराया

# जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी में विजेता प्रतिभागीयों को रनिंग शील्ड प्रदान किया गया

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के तहत गत दिवस डाईट पेंड्रा के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागीयों को रनिंग शील्ड प्रदान किया गया। इस प्रदर्शनी में विकासखण्ड स्तर पर चयनित प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 12 शालाओं ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्राथमिक शाला वर्ग में प्राथमिक शाला साल्हेकोटा विकासखण्ड मरवाही प्रथम, प्राथमिक शाला नेवरी नवापारा विकासखण्ड गौरेला द्वितीय स्थान और प्राथमिक शाला गिरारी विकासखण्ड पेण्ड्रा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह माध्यमिक शाला वर्ग में



माध्यमिक शाला मटियाडॉड विकासखण्ड मरवाही प्रथम, माध्यमिक शाला रूमगा विकासखण्ड मरवाही द्वितीय और माध्यमिक शाला बारीउमराव विकासखण्ड पेण्ड्रा तृतीय स्थान पर रहे। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन.के. चन्द्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य डाइट पेण्ड्रा श्रीमती आभा सिंह, जिला परियोजना समन्वयक श्री लखन लाल जाटवर, व्याख्याता श्री भरत सोनी, संतोष सोनी, बी.आर.सी.सी. गौरेला श्री ए.पी. मिश्रा, सहायक प्राध्यापक श्री नागेन्द्रमणि त्रिपाठी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक




राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज- जिला पदाधिकारी गोपालगंज डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा समाहरणालय सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं उद्योग द्वारा संचालित योजनाएं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पीएम ईजीपी के तहत अपेक्षित कार्य प्रगति सुनिश्चित कराने हेतु सभी बैंक के शखा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र गोपालगंज के साथ साथ एलडीएम गोपालगंज को आवश्यक निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त गोपालगंज श्री अभिषेक रंजन भा0प्रा0से द्वारा योजनाओं की कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिए गए की तकनीक त्रुटि के कारण ऋण उपलब्ध किये गये। बैठक में पीएमईएसी की समीक्षा की गई इस संबंध में आनलाइन प्रोसेसिंग की गई कार्यवाही से संबंधित प्रतिवेदन एकत्रित करने एवं आज ही उपलब्ध कराने का निर्देश महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोपालगंज को दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी श्री भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री विकास कुमार,जनरल मैनेजर डी आई एम जिला मत्स्य पदाधिकारी गोपालगंज आदि पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने विभिन्न सिंचाई जलाशय योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मरवाही विकासखंड के ग्राम धरहर, करहनी, पथरी एवं धनौरा का दौरा कर विभिन्न सिंचाई योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम धरहर के पास गूजरनाला जलाशय योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिसरण मद के अंतर्गत स्पिल चैनल के मरम्मत हेतु किए जा रहे कार्य में



तेजी लाने और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैदानी कर्मचारियों को समय पर मस्टर रोल एंट्री करने एवं आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने कहा। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसानों द्वारा उद्वहन सिंचाई योजना की मांग पर किसानों को सिंचाई पंप के लिए बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन करने को कहा। कलेक्टर ने ग्राम करहनी के पास करहनी एनीकट में मनरेगा के तहत निर्माणाधीन हाइड्रो मैकेनिकल पंप की स्थापना के लिए प्लेटफार्म एवं डिस्ट्रीब्यूशन चैम्बर के निर्माण का निरीक्षण किया और शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस योजना के निर्माण से 100 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की जा सकेगी तथा बारहों महीनों तीन फसल लिए जा सकेंगे।

# गृहमंत्री अमित शाह बोले- आज पूर्णाहुति नहीं, ये तो एक शुरुआत है




तमिलनाडु की परंपराओं व संस्कृति से काशी के जुड़ाव को प्रदर्शित कर रहे मास पर्यंत चलने वाले काशी तमिल संगमम का आज अंतिम दिन है। समापन समारोह को गृहमंत्री अमित शाह थोड़ी संबोधित कर रहे हैं। तमिलनाडु की परंपराओं व संस्कृति से वाराणसी के जुड़ाव को प्रदर्शित कर रहे काशी तमिल संगमम के मास पर्यंत यात्रा पर शुक्रवार को विराम लग गया। बीएचयू के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तमिलनाडु के राज्यपाल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री समेत कई नेता मौजूद हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत में काशी तमिल संगमम के एक माह तक के आयोजन को अलौकिक बताया। कहा कि यह भारत की दो महान सांस्कृतिक धरोहरों के अद्भुत संगम है। गृहमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी तमिल संगमम की कल्पना की पूर्णाहुति होने जा रही है। हालांकि ये पूर्णाहुति नहीं है। ये शुरुआत है, भारतीय संस्कृति के दो उत्ुंग शिखर, तमिलनाडु की संस्कृति, दर्शन, भाषा, कला, ज्ञान और विश्व में जिसकी मान्यता है, ऐसी काशी की सांस्कृतिक विरासत के मिलन की शुरुआत है। लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी तमिल संगमम ने काशी में एक भारत, श्रेष्ठ



भारत की संकल्पना को साकार कर दिया है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन के लिए काशी को चुना जाना उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी बात है। इस आयोजन में जिस तरह से काशीवासियों ने सहभाग्य किया वो प्रशंसनीय है। इससे पहले वाराणसी एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। दोनों नेताओं के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री करीब ढाई घंटे तक शहर में रहेंगे, फिर लौट जाएंगे। वाराणसी आने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, मैं भारत के सबसे पुराने स्थानों वाराणसी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक और पारंपरिक संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए काशी तमिल



संगमम कार्यक्रम को संबोधित करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

## पीएम मोदी ने किया था भव्य उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 दिसंबर को बीएचयू एंफीथियेटर मैदान में मास पर्यंत चलने वाले उत्सव काशी तमिल संगमम का भव्य उद्घाटन किया था। पद्मश्री इलैयराजा के गीत और संगीत से तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। इसके बाद हर दिन काशीवासियों ने समृद्ध तमिल सांस्कृतिक विरासत की झलक देखी। साहित्य, विरासत, ग्रामीण परिवेश, संस्कृति विषयों पर संवाद के दौरान बनारस और तमिलनाडु के लोगों ने एक दूसरे को समझा। काशी व तमिलनाडु के विद्वानों, विशेषज्ञों व विद्यार्थियों को विचारों को साझा करने का अवसर मिला। साथ ही काशी व कांची की प्राचीन संस्कृति ने एक दूसरे को करीब से समझा। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में तमिल नायकों के बारे में प्रदर्शनी के जरिये जानकारी दी। संस्कृति विभाग की शैव व वैष्णव परंपरा पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही तमिलनाडु की संस्कृति, विरासत तथा कला पर अनेक फिल्मों की स्क्रीनिंग भी हुई।

## अमित शाह का बनारस दौरा कई मायनों में अहम

पूर्वांचल की सियासी नब्ज पर खास पकड़ रखने वाले गृहमंत्री व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह निकाय चुनाव की गहमागहमी के बीच वाराणसी पहुंचे हैं। निकाय चुनाव के बीच गृहमंत्री का बनारस आना कई मायनों में अहम है। इस दौरान महापौर के टिकट को लेकर संशय खत्म होने के आसार हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि गृहमंत्री की मौजूदगी में महापौर के लिए पार्टी का चेहरा तय हो जाएगा। इसके बाद संगठन की ओर से नाम की घोषणा की जा सकती है।

# राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य करें पूरा

लंकीन प्रसाद वर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती,राजस्व वसूली से जुडे समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुडे विभागीय अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। इसलिए राजस्व वसूली को सभी विभागीय अधिकारी प्राथमिकता से लें और विशेष रुचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि क्रमशः वन, आबकारी, परिवहन एवं अलौह खनन की वसूली लक्ष्य से कम है, इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली कर लक्ष्य को भी पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व वादों की भी गहन समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण आदि की भी समीक्षा की और सम्बन्धित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि आर0सी0 मिलान हेतु परिवहन विभाग, विद्युत विभाग एवं बैंक के अधिकारी कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर मिलान करायें। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी डी0पी0 सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सन्तोष कुमार यादव, उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना रोहित एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष, उपजिलाधिकारी न्यायिक जमुनहा प्रेम कुमार राय, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, जमुनहा मो0 अहमद फरीद खान, अग्रणी बैंक प्रबन्धक जितेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, राज्यकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार, जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी, ए0आई0जी0 स्टाम्प, अधिशासी अभियंता विद्युत, यात्रीकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान, वाणिज्य कर निरीक्षक तरूण पाण्डेय, बांट-मांप निरीक्षक सहित कलेक्ट्रेट में विभिन्न पटलों पर कार्य देख रहे लिपिक विपिन चटर्जी सहित अन्य सम्बन्धित पटल सहायक एवं सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## घर में घुसकर छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया शांतिभंग में पाबंद

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के गांव दभी में बीती रात एक युवक नशे की हालत में एक घर में घुस गया और मौजूद महिला को बुरी नीयत से दबोचने का प्रयास किया। महिला की चीख-पुकार पर महिला का पति व अन्य परिजन मौके पर आ गए। और पकड़े गये युवक की जमकर मजामत कर दी। पीड़िता के पति ने 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस गांव पहुंच गई और आरोपित को दबोच कर थाने लेकर आई। मामले में पीड़िता के पति ने आरोपित के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया है कि आरोपित पिंटू उर्फ गवेंद्र व महिला के पति हरकेश को शांति भंग में पाबंद किया है।

# प्रेमिका के बात न मानने पर प्रेमी के सिर पर सवार हुआ खून, सिर में तंमचा सटाकर मारी गोली



हरदोई-बात न मानने से नाराज प्रेमी ने शुक्रवार की दोपहर घर के अंदर घुसकर छत पर प्रेमिका की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर आरोपित छत से कूदकर खेतों तरफ भाग गया। दिनदहाड़े हुई घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। एसपी, एएसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।युवती की हत्या के बाद गांव में मचा हड़कंप- बेहटागोकुल के ग्राम कोड़रा सरैंया की दीपमाला पंचायत सहायक थी। जैसा बताया गया कि पड़ोसी उमेश कुशवाहा से उसका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों एक ही जाति के थे। उमेश पानीपत में मजदूरी करता था, दस दिन पूर्व गांव आया था। शुक्रवार की दोपहर दीपमाला अपनी भाभी केतकी के साथ छत पर बैठी थी। घर के अन्य सदस्य बाहर थे। उसी दौरान उमेश घर में घुस आया और छत पर जाकर दीपमाला के सिर में तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित छत से कूदकर खेतों ओर भाग गया। घटना से गांव में खलबली मच गई। मृतक की भाभी के चीखने की आवाज सुनकर परिवारवाले मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। खेत से पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार परिवार ने प्रेम-प्रसंग के बारे में जानकारी न होने की बात कही। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने खेत में घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि दीपमाला उसकी बात नहीं मानती थी, यह बात उसे नागवार गुजर रही थी, परेशान होकर उसने हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। आरोपित गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी बिंदुओं की जांच पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिलखना में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अकराबाद - नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजते ही अब बोट को लेकर कस्बा के गली मुहल्लों में रंजिशें शुरु हो गई हैं। कस्बा पिलखना निवासी साबिर पुत्र अहमद शहीद निवासी मौहल्ला कोटियान ने कोतवाली में दी तहरीर में कहां है। शुक्रवार सुबह वह अपने घर के अंदर बैठा था तभी मोहल्ले के ही रहने वाले आरोपियों ने जो मुझसे पहले से रंजिश रखते हैं। मेरे घर में जबरदस्ती घुस आये और कहा कि हमने सुना है। कि तू हमारे प्रत्याशी को बोट नहीं दे रहा है। तू अन्य प्रत्याशी को बोट देगा। इसी बात को लेकर मेरे साथ उक्त आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मेरा बेटा फरमान मुझे बचाने आया तो उसको भी लाठी-डंडों से मारा-पीटा मेरे शोर मचाने पर मोहल्ले के अन्य लोग भी मौके पर आ गए और हमें बचाया। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया है पीड़ित की तहरीर पर ओवैस, फुरकान, निजामुद्दीन, व मोइनुद्दीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# दिव्यांगजनों हेतु शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार आवेदन प्रारम्भ

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है,कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु,संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0-15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0-20000/-तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0-35000/- धनराशि प्रदान की जाती है।इस आशय की जानकारी देते हुए,जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है,कि इस योजना हेतु शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो,दम्पत्ति में कोई भी आयकर दाता न हो,मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण में दिव्यांगता 40 प्रतिशत स्थाई या उससे अधिक होनी चाहिए,ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो तथा विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।ऐसे व्यक्ति शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु विभागीय वेबसाइट http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं,ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो,विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र,आय,अधिवास व जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा निर्गत,युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र ( जिसमें जन्मतिथि का आंकन हो ),सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र,राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता,एवं युवक एवं युवती के आधार कार्ड की छाया प्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है,कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी,विकास भवन, श्रावस्ती में कमरा नं0-18 में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करायें।

# सामान्य जाति बाहुल्य क्षेत्र को अनारक्षित किया जाए सभी वर्गों को चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि धनीपुर वार्ड नंबर 36 को अनारक्षित कराने के लिए एक बार जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जा चुका है दूसरा पत्र आपत्ति का जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार जी के यहां दिया जा चुका है धनीपुर की जनता की तरफ से यह पत्र दिया गया है अभी तक इस अभी तक क्षेत्र को धनीपुर 36 को अनारक्षित नहीं किया गया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि पूरे वार्ड नंबर 36 धनीपुर की जनता की तरफ से ही यह ज्ञापन दिया गया था यह क्षेत्र सामान्य बाहुल्य क्षेत्र क्षेत्र को अनारक्षित किया जाए 2152 अनुसूचित जाति 4610 पिछड़ी जाति 6155 सामान्य जाति है यह क्षेत्र सामान्य जाति बाहुल्य क्षेत्र है धनीपुर क्षेत्र की जनता में आक्रोश है आगर जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार जी इस बार को अनारक्षित करते हैं तो सभी वर्गों को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा

ऑफर
आप यहाँ
अपना विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

# शांतिभंग करने के आरोप में कुल 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया

प्रेमचंद जायसवाल--दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश सभी प्रभारी निरीक्षकों थानाध्यक्षों को दिए गए हैं जनपद के विभिन्न थानों द्वारा शांतिभंग करने के आरोप में कुल 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर पाबंद कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा बैरियर/चेक पोस्ट पर चेकिंग की जा रही है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों को चेक किया गया तथा 43 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर रू0 61000 शमन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी भिनगा इकौना के नेतृत्व में समस्त थाना चौकी प्रभारियों द्वारा कस्बा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पैदल गस्त कर व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

# रुपयों के लेन-देन में दो पक्षों में हुई मारपीट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-अकराबाद- थाना क्षेत्र के गांव जिरौली हीरा सिंह में रुपयों के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से दो लोग घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। वहीं पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। गांव जिरौली हीरा सिंह निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ छोटा पुत्र राजवीर सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि गांव के ही एक व्यक्ति को उसने तैंतीस हजार उधार दिए थे। उसने अपने रुपए वापस मांगे तो इसी बात को लेकर उक्त आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की है। मेरी चीख-पुकार सुनकर बीच-बचाव करने आए मेरे पिता को भी लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया है। घटना के मामले में पुलिस का कहना है कि दोनों घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

# नए साल में एटा डिपो को मिलेंगी 22 नई बसों की सौगात

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एक बस एटा-जलेसर-दिल्ली, दो बसें लखनऊ-दिल्ली-एटा, एक बस भदकी-दिल्ली-एटा, एक बस गंजडुंडवारा-दिल्ली-एटा, एक बस सराय अहगत-दिल्ली-एटा, एक बस भरगैन-दिल्ली-एटा, एक बस मारहरा-दिल्ली-एटा, एक बस अवागढ़-निधौली-दिल्ली-एटा, एक बस कंपिल-दिल्ली-एटा, एक बस दिल्ली-फिरोजाबाद-एटा, छह बसें दिल्ली-फर्रूखाबाद-एटा, एक बस दिल्ली-मोहम्मदाबाद-एटा, एक बस दिल्ली-शिकोहाबाद-एटा, दो बसें दिल्ली-मैनपुरी-एटा, एक बस सिवारा-दिल्ली-एटा। रूटों पर संचालित की जाएगी। एटा डिपो को नए वर्ष में नई बसों की सौगात मिलने जा रही है। इसकी जानकारी डिपो उच्चाधिकारियों को परिवहन निगम मुख्यालय से प्राप्त हो चुकी है। मिलने वाली सभी नई बसों को लंबे एवं लिंक रूटों पर संचालित किया जाएगा। नई बसें मिलने से यात्रियों का सफर सुगम होगा

गुरुवार को एटा डिपो के सीनियर फोरमैन मुजीब खान ने बताया कि



जनवरी माह में डिपो को 22 नई बसें मिलेंगी। इसकी जानकारी परिवहन निगम मुख्यालय से प्राप्त हो चुकी है। सभी बसें बीएस-6 वर्जन की होगी, जो कि अन्य बसों से काफी सुविधा जनक भी होगी। इसके साथ ही बसों में पैनिक बटन भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि डिपो को इतनी बड़ी संख्या में छह वर्ष से अधिक समय बाद बसें मिल रही है। इससे पहले वर्ष 2018 में तीन कुंभ शटल बसें मिलने के साथ बीते महीनें नवंबर में दो नई बसें मिली थी। जबकि नवंबर से अब तक 18 बसें मियाद पूरी करने के बाद उनकी नीलाम की जा चुकी है। नौ अन्य बसें भी निगम में संचालित होने की सभी शर्ते पूरी कर चुकी है। जिनकी नीलामी के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है। दिल्ली रूट पर होगा सभी नई बसों का संचालन - एआरएम राजेश यादव ने बताया कि डिपो को मिलने वाली सभी नई बसों को दिल्ली रूट पर संचालित किया जाएगा। जबकि दिल्ली रूट पर चलने वाली अधिक पुरानी 22 बसों को लोकल रूटों पर संचालित किया जाएगा।

जिससे लोकल रूटों पर कम हो चुकी बसों की पूर्ति हो सकेगी। आठ दिसंबर को भेजा था एआरएम ने नई बसों का प्रस्ताव- बीते दिन आठ दिसंबर को एआरएम राजेश यादव ने अलीगढ़ परिक्षेत्र आरएम शरद सिंह को 22 नई बसों के लिए डिमांड लैटर भेजा था। लैटर भेजने के एक सप्ताह के अंदर ही बसों की मंजूरी मिल गई।

# किशोरी के साथ की दुष्कर्म की कोशिश

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा। मां घर पर होने की बात कहकर युवक किशोरी को घर पर ले गया और घर पर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख-पुकार मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता को लेकर परिवार कोतवाली देहात पहुंचा। पुलिस को घटना की जानकारी दी है। कोतवाली देहात के एक गांव निवासी पीड़िता के पास गुरूवार दोपहर को गांव बाबरपुर का युवक आया और पीड़िता से बोला कि तुम्हारी मां घर पर बैठी है और तुम्हें बुला रही है। यह कहते हुए युवक किशोरी को घर पर ले गया। आरोप है कि कमरे में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। बेटी ने हल्ला कर दिया। शोर की आवाज सुनकर लोगों को आता देख आरोपी भाग गया। पीड़िता को लेकर परिवार कोतवाली देहात पहुंचा। मां ने आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी है। इंस्पेक्टर क्राइम जेपी अशोक का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## विधायक बीरेन्द्र सिंह लोधी ने मंडी समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फीता काटकर किया टी0बी0 रोग जागरूक का उद्घाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आज गुरुवार को एटा के मंडी समिति स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर टीजबी रोग जागरूक अभियान के तहत मारहरा विधायक बीरेन्द्र सिंह लोधी ने फीता काटकर शुभारंभ किया ओर बताया कि यदि दो सप्ताह से ज्यादा समय की खांसी हल्हा बुखार, कम भूख लगना वजन कम होना, मुंह से खून आना, आधुनिक जांच व इलाज की सुविधा नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त उपलब्ध है।साथ में ए.सी.एम.ओ डॉ ओपी आर्या , ए.सी.एम.ओ डॉ राम सिंह ए.सी.एम.ओ डॉ सुधीर मोहन डिप्टी सीएमओ डॉ सर्वेश कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ राजपूत, DPC श्री दिलीप शर्मा, DPTC श्री अरविंद सिंह चौहान, एवं DPPMC आशीष पाराशरी, LT विजय पाठक,कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र जिला क्षय रोग केंद्र, एटा आदि लोग मौजूद रहे।

## एसके इंडस्ट्रीज फैक्टरी में लगी भीषण आग, तीन की मौत और छह झुलसे, मौके पर पहुंचे अधिकारी

थाना फजलगंज क्षेत्र में स्थित साइकिल का सामान बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं, 11 लोगों को बहार निकाला गया है। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना फजलगंज में स्थित एसके इंडस्ट्रीज फैक्टरी में शुक्रवार तड़के सुबह शार्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फैक्टरी में साइकिल की गद्दी और पैडल बनाने का काम होता है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। घटना में 11 लोगों को रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया है। अग्नि कांड में फैक्टरी से पांच लोगों को सकुशल निकाला और छह लोग झुलस गए हैं। वहीं, तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। दो लोगों का इलाज जारी है और एक को डिस्चार्ज कर दिया गया है। अग्निकांड में तीन लोगों की मौत- फैक्टरी में लगी भीषण आग से जयप्रकाश सिंह ( 50 ) पुत्र राजेंद्र सिंह परिहार निवासी जनपद उन्नाव, नरेंद्र ( 40 ) उर्फ दिन्नू सैनी पुत्र स्व. श्री महावीर सैनी निवासी थाना सचेंडी कानपुर नगर और प्रदीप ( 28 ) उर्फ राजू पुत्र राम कुमार गौतम निवासी छतरपुर थाना, शिवराजपुर कानपुर नगर शामिल हैं। वहीं, गौरव और मनोज झुलस गए हैं।

## 06 आरोपीयों को 02-02 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-टा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में 06 आरोपीयों को 02-02 वर्ष कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज 15.12.2022 को अभियुक्त 1- रामदास पुत्र जन्ट सिंह 2-बृहमदास पुत्र जन्ट सिह 3-आदेश पुत्र रामदास 4-अरविंद पुत्र रामदास 5- 02 अभियुक्ता समस्त निवासीगण नंदपुर थाना रिजोर एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या-61/2011 धारा 332, 323, 504, 506, 427 भादवि थाना रिजोर एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय एफटीसी प्रथम द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 02 वर्ष कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।



## हादसे में बाल बाल बचे कासगंज के एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-हादसे में बाल बाल बचे कासगंज के एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे,एएसपी की गाड़ी में पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर सड़क हादसे में बुरी तरह छतिग्रस्त हुई एएसपी की गाड़ी एक यातायात पुलिसकर्मी हुआ गंभीर रूप से घायल पुलिस ने ड्राइवर और गाड़ी को हिरासत में लिया कासगंज बरेली हाईवे पर गोरा बाईपास चौराहे का मामला

## रात में खाना खाया सुबह कमरे में मृत मिले मुख्य आरक्षी

विनय यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मुख्य आरक्षी रात में खाना खाकर बातचीत करने के बाद सोए थे और सुबह कमरे में मृतवस्था में पड़े मिले। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। हृदयगति रुकने से मौत होने की वजह सामने आई है। जिला इटावा थाना बकेवर के गांव अलियापुर निवासी संतोष ( 55 ) पुत्र सोवरन सिंह मुख्य आरक्षी थे। कुछ दिन पहले ही मथुरा से ट्रांसफर होकर जिले में आए थे। सिविल लाइंस स्थित मोहल्ला लालपुर में एक घर में रहते थे। बुधवार रात को खाना खाया और सो गए थे। गुरुवार सुबह कमरे से बाहर न आने पर पुलिस को सूचना दी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com